हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025

तापमान

अधिकतम 32.5 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

02 धान बेचने के लिए पोर्टल में किसानों का नहीं हो रहा पंजीयन, शिकायत



06 दीपावली और छठ पूजा पर व्यवस्था बनाने के विधायक ने दिए निर्देश








## चंदखुरी में चक्काजाम करने वालों पर केस दर्ज

**भिलाई।** पुलगांव थाना अंतर्गत चंदखुरी में दो दिन पहले धर्मकांटा के करीब सड़क हादसे में महिला की मौत के पर हुए चक्काजाम के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। मामले में गणेश चंद्राकर की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। मामले में पुलिस ने राजू निर्मलकर, अजय देशमुख, संतोष ढीमर, अभिषेक निषाद, विक्की सतनामी, मनीष चंद्राकर सहित अन्य को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि उन्होंने सड़क जाम किया। साथ ही इस दौरान लोगों से गालीगलौच की। बता दें कि घटना के दौरान चंदखुरी निवासी उतरा पति लेखराम साहू (37 वर्ष) की मौत हो गई थी।

## तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत

**कुसुमकसा।** कुसुमकसा निवासी हुमन लाल साहू (42 वर्ष) की ठाकुर पारा तालाब में डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार मृतक नित्यदीन की भांति सुबह लगभग 7 बजे तालाब में नहाने गया था की नहाने के दरम्यान गहरे पानी में चले से पानी में डूब गया। जिसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीण तालाब में डुबकी लगाकर खोजबीन किए काफी समय के बाद मृतक का शव गहरे पानी के नीचे मिला, जिसे बाहर निकाला गया। किंतु उसकी मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल तालाब के पास ग्रामीणों की भीड़ का जमावड़ा हो गया, उक्त तालाब में इसके पूर्व स्कूली छात्र व छात्रा की डूबने से मौत हो गई है।

### दुर्ग जिले में 15 से ज्यादा जगहों पर लगेंगी 2500 से ज्यादा अस्थाई दुकानें, 100 से ज्यादा स्थाई लाइसेंसी दुकानें

# पटाखा दुकानों ने नियम तोड़ा तो होगी सख्ती, अस्थाई दुकानों में बांस-बल्ली, कपड़े, रस्सी से बने टेंटो पर रहेगी पूरी तरह से रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

आगामी दीपावली त्योहार को देखते हुए पटाखों की बिक्री को लेकर जिला प्रशासन ने गाइडलाइन जारी कर दी है। इस बार ज्यादा सख्ती से निर्देश दिए गए हैं। रात में पटाखा फोड़े जााने के समय को लेकर समय का निर्धारण नहीं किया गया है, लेकिन अस्थाई और स्थाई दुकानदारों को लेकर नियम तय कर दिए गए हैं। इस बार अस्थाई दुकानों में बांस-बल्ली, कपड़े, रस्सी से बने टेंट के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। संभावित हादसे को खतरे को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। स्थानीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि जारी गाइडलाइन का पालन कराएं।

नियमों तोड़ने वालों पर कार्रवाई करें। अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में बरती जाने वाली सावधानियों से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। पटाखा दुकाने किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी टेंट इत्यादि का न होकर, अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होने चाहिए। दुकानें एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबन्धित है। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबन्धित रहेगी।



### नियमों को दरकिनार अस्थाई दुकानें

एडवाइजरी में सबसे अहम निर्देश यह है कि पटाखा दुकानों का निर्माण बांस, बल्ली या कपड़े से नहीं किया जाएगा। इनकी जगह दुकानों को अज्वलनशील सामग्री (टिन शेड) से बनाना अनिवार्य होगा। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि यह बदलाव आग की घटनाओं को रोकने के लिए किया गया है। बांस और कपड़े आग को तुरंत पकड़ लेते हैं, इसलिए दुकानों को केवल टिन शेड से ही तैयार किया जा सकेगा। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई भी की जाएगी। लेकिन इसका पालन नहीं किया जा रहा है। जेआरडी स्कूल मैदान दुर्ग में भी दुकानों को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है, लेकिन नियमों का पालन होता नजर नहीं आ रहा। पावर हाउस में बन रही दुकानों में बांस-बल्लियों का उपयोग किया जा रहा है। दुकानों में पर्याप्त दूरी का भी पालन नहीं किया जा रहा है।

### बिजली तारों पर विशेष नजर रखने के निर्देश

जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर मास्ट स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बन्द हो जाए। दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाइन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 किग्रा क्षमता का डीसीपी अग्नि शामक यन्त्र होना चाहिए। इसकी मारक क्षमता 6 फीट की होती है। दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाइक /कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर, दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए। नहीं तो कार्रवाई होगी।

### पुलिस ने ली पटाखा दुकानदारों की बैठक, स्टॉक से ज्यादा रखने पर होगी कार्रवाई



दुर्ग पुलिस ने सोमवार को पटाखा व्यवसायियों की बैठक आयोजित की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस नियंत्रण कक्ष के सभाकक्ष में हुई इस बैठक में जिले के सभी पटाखा विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पटाखा विक्रेताओं के पास वैध लाइसेंस होना चाहिए। दुकानदार अनुज्ञप्ति की शर्तों का अक्षरशः पालन करें और केवल मानक के अनुरूप ही पटाखों का विक्रय करें। निर्धारित मात्रा से अधिक स्टॉक रखने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। पुलिस ने पटाखा व्यापारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि दुकान में सभी सुरक्षा के उपाय किए जाए, वहीं दुकान परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाना भी अनिवार्य किया गया है। पुलिस ने दुकानदारों को हिदायत दी कि दुकानों के आस-पास ट्रांसफॉर्मर न हों और बिजली के तार खुले न रहें। सभी वायरिंग की सही टेपिंग करवाई जाए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।


### ग्रीन पटाखों की बिक्री को लेकर लोगों को किया जा रहा प्रोत्साहित

पुलिस ने यह भी निर्देश दिए कि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही ग्रीन पटाखों की बिक्री की जाए। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने दुकानदारों से आग्रह किया कि वे अपने थाने और पुलिस नियंत्रण कक्ष के संपर्क नंबर सुरक्षित रखें। किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 112 पर तुरंत सूचना दें। बैठक में विभिन्न थानों के प्रभारी अधिकारी और बड़ी संख्या में फटाका व्यापारी मौजूद रहे।

### 125 डेसीबल से अधिक आवाज वाले पटाखों की बिक्री पर रोक, पर्यावरण विभाग करेगा जांच

सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी आदेश 125 डेसीबल से अधिक आवाज वाले पटाखों पर प्रतिबंध लगा है। इसके अलावा पटाखा फोड़ने के लिए प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष समय भी तय किया जाता है। इस पर अब तक गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। इधर निगम के लाइसेंस शाखा ने अस्थाई दुकानों को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। पटाखों को लेकर इस बार निगम के साथ पर्यावरण विभाग की टीम भी सक्रिय हो गई है। वहीं अग्निशमन विभाग ने भी जांच शुरू कर दी है। ताकि पटाखों की वजह से होने वाले प्रदूषण और हादसों को कम किया जा सके।



## जनदर्शन में मिले 92 आवेदन, कार्रवाई करने के निर्देश

# धान बेचने के लिए पोर्टल में किसानों का नहीं हो रहा पंजीयन, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एडीएम अभिषेक अग्रवाल ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 92 आवेदन प्राप्त हुए।

**एडीएम अभिषेक अग्रवाल ने जनदर्शन कार्यक्रम में लोगों की सुनी समस्याएं**



### रास्ता खुलवाने की मांग

वार्ड नं 16 जयंती नगर निवासियों ने बताया कि सिकोला बस्ती के जयंती नगर में पब्लिक स्कूल के पास स्थित वर्षों पुराने रास्ते को अज्ञात लोगों द्वारा मार्किंग कर बंद की जा रही है। यह मार्ग सार्वजनिक शौचालय के बाजू से होकर गुजरता है और मोहल्लेवासियों के लिए मुख्य आवाजाही का जरिया है। यदि इस रास्ते को बंद किया गया तो लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। जमीन की सही माप जांच कराकर रास्ते की स्थिति स्पष्ट करने और आमजन को राहत दिलाने की मांग की। इस पर एडीएम ने तहसीलदार दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### पीएम आवास के लिए मांगी सहायता

दुर्ग शहर के गयानगर निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सहायता की मांग की। उन्होंने बताया कि उनके नाम पर रामनगर उरला में रिक्त भूमि पर मकान निर्माण हेतु पीएम आवास योजना की राशि पूर्व में स्वीकृत हो चुकी थी। लेकिन पति के निधन के कारण वे समय पर मकान निर्माण नहीं करवा सकीं। अब वे दोबारा उसी भूमि पर पक्का मकान बनवाना चाहती है। इस योजना के तहत राशि स्वीकृत किए जाने की मांग कर रही हैं। इस पर एडीएम ने आयुक्त नगर निगम दुर्ग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

### एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराने की मांगी अनुमति

ग्राम गनियारी के कृषक ने कृषि धान का पंजीयन नहीं होने की शिकायत की। किसान ने बताया कि वह लंबे समय से अपनी स्वयं की भूमि पर खेती कर रहा है और इस वर्ष भी धान उपज कर विक्रय करना चाहता है, लेकिन पंजीयन नहीं होने से इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। किसान ने मांग की है कि उसे अस्थायी रूप से पंजीयन की अनुमति दी जाए ताकि वह अपनी उपज बेच सके। इस पर एडीएम ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को परीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने कहा। इसी प्रकार जिले के बटाई व रेघ अनुबंध पर खेती करने वाले किसानों ने मांग की है कि उन्हें भी एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन की अनुमति दी जाए।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स में लेटेस्ट डिजाइन के गहनों के साथ आकर्षक उपहार



**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 बी प्रिया श्रृंगार सदन के सामने स्थित ओम ज्वेलर्स अपने भव्य शोरूम के लिए जाना जाता है, जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। वहीं पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे, ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दीवाली त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट) 833 (20कैरेट ) एवं 750 (18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा। पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।

## टेक्नीशियन कोर्स के उत्तीर्ण विद्यार्थीयों को किया सर्टीफिकेट वितरण



**दुर्ग।** एसआर हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज चिखली दुर्ग में टेक्नीशियन कोर्से के उत्तीर्ण विद्यार्थीयों को सर्टीफिकेट प्रदान किया गया। विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक अपने कोर्स को कंप्लीट कर लिया है। विद्यार्थियों को एसआर हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज के चेयरमैन संजय तिवारी के द्वारा सर्टीफिकेट प्रदान गया। पैरामेडिकल टेक्नीशियन कोंस एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स है। संस्थान को छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त है। परीक्षा उत्तीण करने के पश्चात विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन छग पैरामेडिकल काउंसिल में होता है। रजिस्ट्रेशन पश्चात विद्यार्थी सरकारी नौकरी एवं किसी भी प्राइवेट संस्थान में नियमानुसार नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रमाण पत्र वितरण के मौके पर जब हमारे मीडिया ने स्टूडेंटस से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि एसआर हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज में एक साल का सर्टिफिकेट कोर्स किया है। एसआर के फ्रेंडली व पारिवारिक माहौल के बीच उन्होंने कोर्स कम्पलीट किया है। इस कोर्स को पूरा करने के बाद उनके भीतर आत्मविश्वास बढ़ गया है। अब वे सरकारी नौकरी या किसी भी प्राइवेट संस्थान में नौकरी के लिए आवेदन कर सकते है। इस अवसर पर एसआर हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर अजय तिवारी, प्रिंसिपल विजय गवान्डे, अरविन्द खैरवार, संजय गुप्ता, विनिता, नेहा ठाकुर, सीमा शर्मा, रेश्मा साहू, प्रशांत देवांगन, यमुना पटेल, जाकीर हुसैन, प्रियेश मिश्रा, रूपा चेलक व अन्य स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ बधाई दी ।

## भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में बीते सप्ताह विभिन्न कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में विश्व पशु दिवस का आयोजन प्राणी विज्ञान विभाग तथा आईक्यूएसइ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की थीम 'पशु बचाओ , पर्यावरण बचाओ' रही। कार्यक्रम का उद्देश्य जानवरों के प्रति अनुचित व्यवहार के खिलाफ जागरुकता फैलाना था। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं जिसमे 'रील मेकिंग' तथा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित किये गए। रील मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्बितीय, तृतीय स्थान में क्रमशः सोमेश पटेल, बर्खा प्रियदर्शनी, दिव्या ज्योति रही तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेता सोमेश पटेल, नेहा नेताम और अंशिका देवांगन रहे। विद्यार्थियों द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला पोटियाकला दुर्ग में मंचित नुक्कड़ नाटक 'जानवरों की अदालत' विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसके माध्यम से जानवरों के प्रति होने वाले क्रूर व्यवहार और जानवरों के प्रति संवेदना रखने को दर्शाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीन एकेडेमिक्स डॉ आलोक भट्ट तथा विशेष अतिथि रजिस्ट्रार डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा डीन लाइफ साइंस डॉ. नीतू श्रीवास्तव द्वारा तैयार की गई एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक लीलम चंद्राकर, सपना पांडेय, प्रियंका सिन्हा, पूर्ति पवार, ट्विंकल की अहम भूमिका रही। वहीं भारती हॉस्पिटल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है रक्तदाताओ में संस्था के उपाध्यक्ष प्रभजोत सिंह भुई, सहायक रजिस्ट्रार अशोक लिल्हारे, डीन लाइफ साइंस डॉ. नीतू श्रीवास्तव, डॉ. राजा प्रभु, डॉ. मनोज सियाल, आदित्य शाह एवं अन्य प्राधिकारी सहित आदि उपस्थित थे।



## बीएसपी में सुरक्षा जागरुकता रैली

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यस्थल पर सुरक्षा जागरुकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया। रैली को कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने वर्क्स बिल्डिंग-8 से किया। समापन ब्लास्ट फर्नेस-6 पर किया गया। रैली में अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मियों ने भाग लिया।राकेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक कार्य को करते समय स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ सहकर्मी की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रत्येक कर्मी का दायित्व है। सभी कर्मियों को सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा नियमों के सतत पालन पर बल देते हुए सभी कर्मचारियों से "सुरक्षा-प्रथम" की संस्कृति को कार्यस्थल पर आत्मसात करने का आह्वान किया।

## विधायक कोर्सेवाड़ा से की मुलाकात



**भिलाई।** अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा से विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल के नेतृत्व में भिलाई तीन में मुलाकात किया गया। इस दौरान भाजपा नेता भाजपा नेता गोपाल महतों ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। मुलाकात में भिलाई-चरोदा निगम नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, मुकेश अग्रवाल, फिरोज फारुखी, राजेन्द्र साहू समेत युवागण मौजूद थे।

## जामुल में सांसद खेल महोत्सव 14 से

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में जिला प्रशासन के निर्देश पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने बताया कि 14 - 15 अक्टूबर को श्रम निकेतन स्कूल एसीसी में कुश्ती एवं बॉलीबाल, शा.उ.मा.वि. जामुल में योगासन सुरीली, कुर्सी फुगड़ी दौड़ होगा। इसके अलावा 15 अक्टूबर को त्रिपुल मैदान में खो-खो, कबड्डी, 100 मी. एवं 400 मी., गेड़ी दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए राजस्व अधिकारी हरीश साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सांसद खेल महोत्सव में पंजीकृत खिलाड़ियों को ही प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगाष खेलों के लिए प्रभारीगण सुबह 8 बजे से पंजीयन शुरु करेंगे। पंजीयन सत्यापन का कार्य 8 बजे से प्रातः 10 बजे तक होगा। सभी खेल नाक आउट पद्धति से होगा।



## खबर संक्षेप



### परक्षेत्रीय कुथरेल साहू समाज के अध्यक्ष बने छन्नू लाल

**अंडा।** साहू समाज परिक्षेत्र कुथरेल का चुनाव पुसऊ राम साहू चुनाव अधिकारी अध्यक्ष ,उमाशंकर साहू, और दुवारिका साहू पर्यवेक्षक तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण के मार्ग दर्शन में हुआ। जिसमे सर्व सम्मति से अध्यक्ष छन्नू लाल साहू अधिवक्ता कुथरेल, उपाध्यक्ष धनेश साहू, महिला उपाध्यक्ष भुनेश्वरी साहू, संगठन सचिव बलराम साहू एवम-संतोषी साहू चुने गए। तहसील कर्मा भवन कोनारी में सम्पन्न चुनाव में परिक्षेत्र कुथरेल के ग्रामीण अध्यक्ष , पुनीत राम साहू, कोमल साहू, डोमन साहू, प्रशांत साहू, मोती राम साहू, बालाराम साहू, दुष्यंत साहू, पुरन साहू, जनक लाल साहू, केशव साहू, ग्रामीण पदाधिकारी एंव सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## निधन

### लीलाराम चंद्रिकापूरे

**भिलाई।** सड़क नंबर 16 बी शांति नगर राधिका पैलेस के पास भिलाई



निवासी लीलाराम चंद्रिकापूरे उम्र 75 वर्ष का निधन 12 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे जितेंद्र चंद्रिकापुरे के पिता थे।

### जोतकुंवर साहू

**अंडा।** ग्राम अंडा बस स्टैंड निवासी जोतकुंवर साहू का निधन



13 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मुक्तिधाम में किया गया। वे ग्रामीण अंडा साहू समाज के सचिव जगेंद्र साहू की मां व मोहित साहू की दादी थीं।

## नगपुरा में जय मां कर्मा मांगलिक सामुदायिक परिक्षेत्रीय भवन का लोकार्पण

# नगपुरा में साहू समाज के नए भवन का हुआ उद्घाटन, अब होंगे सामाजिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा में जय माँ कर्मा मांगलिक सामुदायिक परिक्षेत्रीय भवन का लोकार्पण हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता पुसऊ राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ ने की। अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री म.प्र. शासन जागेश्वर साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू, सभापति जिला पंचायत, दुर्ग प्रिया साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत कुलेश्वरी देवांगन, जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू, पूर्व सभापति लक्ष्मी साहू, सरपंच सरोज भूपेन्द्र रिगरी, अध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, सलाहकार डॉ. टीकम साहू, प्यारे लाल साहु दिव्या साहू, टीआर साहू और संरक्षक सुबरव लाल साहू उपस्थित थे। इस दौरान ताम्रध्वज साहू ने कहा कि हम सभी को समाज हित में कार्य करना चाहिए। मेरे कार्य काल में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में साहू समाज सभी परिक्षेत्र में भवन निर्माण स्वीकृति हुआ था जिसका आज लोकार्पण हुआ। उन्होंने आगे कहा कि समाज में हर व्यक्ति को संगठित होना चाहिए, जिससे समाज की एकजुटता बढ़ेगी और समाज को एक नई ऊर्जा मिलेगी।इस अवसर परिक्षेत्रीय अध्यक्ष भेखाराम साहू, रामकली साहू, संतोष कुमार साहू, डॉ. श्रवण कुमार साहू दुकालूराम साहू, खिलेन्द्र साहू, डॉ. लोमस पुरुषोत्तम साहू, ताम्रध्वज साहू, भूषण साहू, त्रिलोक लाल साहू, यमुना साहू, शशि साहू, पंचराम साहू, खिलेन्द्र साहू, डॉ. मधुर साहू, जगदेव साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, बोहर साहू, भानु प्रकाश साहू, राकेश कुमार, भगवानी साहू, चन्दन साहू, होरीलाल साहू परिक्षेत्र साहू संघ नगपुरा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**भवन लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मंत्री ताम्रध्वज**




## हमर क्लीनिक का लोकार्पण लेकिन नहीं हुई स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

नगर पालिक निगम रिसाली के ग्राम डुंडेरा में हमर क्लीनिक योजना की स्वीकृति मिली थी जिसके लिए भवन 2023 में पूर्ववर्ती सरकार में बनाया गया था जो कि पूर्ण रूप से बन कर तैयार हो गया है जिसका लोकार्पण भी मार्च 2024 को हो चुका है।

डुंडेरा-जोरातराई के नागरिक क्लीनिक के खुलने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन अभी तक भवन में किसी भी प्रकार का सेटअप शुरू नही किया गया है। हमर क्लीनिक के स्थापना के मामले को लेकर नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने सोमवार को कलेक्टर से मुलाकत कर ज्ञापन सौंपा और हमर क्लीनिक को जल्द प्रारम्भ करने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। तरुण बंजारे ने बताया कि ग्राम डुंडेरा-जोरातराई के नागरिकों को सर्वसुविधायुक्त स्वास्थ्य सुविधा मिले इसे देखते हुए पूर्वी सरकार में हमर क्लीनिक स्थापना की स्वीकृति मिली थी जिसके लिए सर्वसुविधायुक्त भवन भी तैयार किया जा चुका है लेकिन अभी तक क्लीनिक को प्रारंभ नहीं किया जा सका है। डुंडेरा में हमर क्लीनिक प्रारम्भ हो जाने से ग्रामीणों को एमबीबीएस डॉक्टर स्टाफ सहित एक्स-रे, पैथोलॉजी लैब, अन्य जांच जैसे अनेक सुविधा की लाभ गांव में ही मिल पाएगी और नागरिकों को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल या अन्य जगह जाने की जरूरत नही पड़ेगी।



■ स्वास्थ्य सुविधा जल्द प्रारम्भ करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता सप्ताह मनाया




**उतई।** केंद्रीय विद्यालय सीआईएसफ भिलाई में 4 से 10 अक्टूबर तक मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता सप्ताह मनाया गया। इस दौरान भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित किए गए। विशेष प्रार्थना सभा में गीत और नाटक गीतू संत व श्वेता के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किए गए जिसमें विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर संदेश दिया। विद्यालय की काउंसलर श्वेता ने विद्यार्थियों से तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और आत्म-देखभाल पर चर्चा की। प्राचार्य भुवनेश्वरी ने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना और स्वस्थ मानसिकता को प्रोत्साहित करना है।

## अंचल की खबरें

### बागडूमर में ओपन जिम का किया लोकार्पण



**नंदिनी अहिवारा।** ग्राम पंचायत बागडूमर में ओपन जीम का लोकार्पण विधायक निधी से किया गया। अहिवारा विद्यायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा का ग्रामवासी ने आभार व्यक्त किया। लोकार्पण कार्यक्रम में सपपंच दामिनी साहू, पंच अमित साहू, उर्मिला साहू, मीना चौहान, संगीता जोगी, अजय सोनी, सत्यम सोनी, रानी यादव, चमेली जोशी, रोमा टंडन, अनिता महिलांग एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### जिला पंचायत सभापति प्रिया की नई पहल



**अंडा।** जिला पंचायत सभापति एवं सदस्य प्रिया साहू के द्वारा अपने क्षेत्र के समस्याओं को सुनने एवं समस्याओं के निराकरण के लिए जनता के बीच जाकर उनके साथ बैठकर गांव में ही चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं को सुनने एवं समाधान करने की शुरुआत की गई। इसकी शुरुआत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खुरसुल से की गई, जहां गांव के लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे तथा गांव में अवैध शराब बिक्री का मामला, तालाब निस्तारी का मामला, अवैध खनन के मामलों के साथ-साथ कैसे मूलभूत समस्याओं का भी समाधान निकाला गया। साथ ही ग्रामीणों का कहना है कि पहली बार ऐसा हुआ है कि जनप्रतिनिधि चुनाव के समय ही वोट मांगने गांव आते उसके बाद 5 साल जनता के बीच जाते ही नहीं और प्रिया दीदी हमारे बीच में आकर समस्या को समझाया गया।

वहीं प्रिया साहू ने कहा कि क्षेत्र की बेटी हूं और हमेशा अपने क्षेत्र के जनता की किसी भी समस्या एवं घटना होने पर उनके साथ खड़ी रहूंगी और आज से हमने अपने क्षेत्र के सभी पंचायतों में प्रत्येक रविवार को एक-एक गाँव में जाकर गांव वालों के साथ उनके बीच बैठकर उनकी समस्याओं को निराकरण करने की शुरुआत ग्राम खुरसूल से किया गया। जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू के साथ, लक्ष्मी साहू , जनपद सदस्य एवं सरपंच, सरपंच, समस्त पंच एवं ग्राम के प्रमुख के साथ-साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर, खरीदारी कर घर में सौभाग्य संग समृद्धि लायें

# ओम ज्वेलर्स

यह दिवाली सुनहरे मौके वाली

गोल्ड | डायमंड | सिल्वर

916(22c), 833(20c), 750(18c) ऑल वैरायटी उपलब्ध

हर 10,000/- की खरीदी पर चांदी की मुर्ति फ्री

हॉलमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

कल्पना से परे.. दुल्हन ज्वेलरी

रानी हार, कुंदन ज्वलेरी, चुड़ी सेट, माथे का टीका
कमरबंद, अंगुठी, बालिया, बाजुबंद, पायल, झुमका
नेकलेश व हालमार्क की सभी ऑल वैरायटी उपलब्ध

जितना ग्राम सोना लेने पर
उतना ही ग्राम चाँदी बिल्कुल फ्री

ज्वेलरी की
रिपेयरिंग में त्वरित सेवायें
हमारे द्वारा पायें



1. किसी भी जेवर का भुगतान घर से करने की सुविधा
2. चेक पेमेंट सुविधा
3. ऑल कार्ड ऑनलाईन पेमेंट भुगतान करने की सुविधा










बाजार चौक, कुम्हारी | पावर हाउस, भिलाई | 64 बी, इंदिरा मार्केट, दुर्ग

## खबर संक्षेप



### दीपावली के निमित्त जरूरतमंदों को बांटी गई सामग्री

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी में दीपावली के निमित्त जरूरमंद 390 लोगों को आवश्यक सामग्री बांटी गई। समिति द्वारा लोगों के बीच दो दिन पहले जा कर जरूरतमंद लोगों को टोकन दे कर आमंत्रित किया गया। सभी लोगों को सत्संग हाल में बैठा कर भगवान नाम की महिमा बताई गई। भजन कीर्तन कराए गए, भोजन प्रसादी दे कर सभी को दैनिक जीवन में उपयोगी सामान जैसे कपड़े, बर्तन, चप्पल, मिठाई, दिया, तेल और नकदी कुछ पैसे भी दिए गए। बच्चों को नोट बुक और उनके उम्र अनुसार कपड़े भी दिए। हर साल देश भर के 450 आश्रमों से भी ज्यादा जगहों में गरीब जरूरतमंद लोगों को दीपावली के निमित्त यह जरूरत का समान दी जाती है। कार्यक्रम में बच्चों का बालसंस्कर संस्कृति प्रेरणादायक कार्यक्रम भी किए गए। अंत में आरती, महा प्रसादी के साथ समापन किया गया। यह जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### ज्ञानचंद जैन बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**दुर्ग।** कनफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ में स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स भिलाई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन को प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतीया, उपाध्यक्ष अमर परवानी, सांसद एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल की अनुशंसा पर कैट के अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महासचिव सुरेंदर सिंह ने की है। ज्ञानचंद जैन पूर्व में भी कैट के प्रदेश सचिव एवं अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। वे वर्तमान में स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई के अध्यक्ष हैं। सांसद विजय बघेल, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, रामकिशन मुंदड़ा, श्रीनिवास खेड़िया, रामकुमार गुप्ता, ज्ञानचंद बाकलीवाल, सुरेश रतनानी सहित अन्य बधाई दी है।

# अफसर मस्त, जनता उठती बदबू से पस्त, अब तक नहीं सुधरे हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

## धमधा नाका क्षेत्र में ग्रीन लैंड को ही बना दिया अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड



नगर निगम दुर्ग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। निगम के स्वास्थ्य विभाग ने धमधा नाका क्षेत्र वार्ड-17 के ग्रीन लैंड जगह को ही अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड बना दिया है। यहां आसपास के 10 वार्डों का कचरा पिछले लंबे समय से डंप किया जा रहा है। इसकी उठती बदबू से पूरे क्षेत्र के लोग खासे परेशान हैं।

खास बात यह है कि गंदगी और उठती बदबू के बीच मटमैला पानी भी हर समय यहां जमा रहता है, जिसमें मच्छर पनपने लगे हैं। संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इसे लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है।

उन्होंने कहा कि महापौर और अधिकारी अपने चेंबर में मस्त हैं, वहीं जनता उठती बदबू के बीच शिकायत करके पस्त हो रही है। अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। विधानसभा अध्यक्ष वरुण केवलतानी ने कहा कि निगम ने तत्काल व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया तो एनएसयूआई सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत निगम में प्रदर्शन करेगा। कार्यकर्ता खुद वहां का सारा कचरा उठाकर महापौर कार्यालय के बाहर फेंकेगा। इसके बाद सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। उन्होंने कह कि जनता की समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। लगातार लोगों द्वारा शिकायत की जा रही है। पार्षद खुद परेशान हैं। निगम ने जल्द इस विषय पर कोई निर्णय नहीं लिया तो धमधा नाका क्षेत्र में भी प्रदर्शन किया जाएगा।

## अल्पसंख्यक मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुखमूर इकबाल खान पहुंचे दुर्ग

# बिना किसी भेदभाव के बनती हैं सरकारी योजनाएं सबसे ज्यादा लाभ उठाते हैं अल्पसंख्यक : इकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मख़मूर इकबाल खान अपनी नियुक्ति के बाद दुर्ग पहुंचे। उन्होंने बीजेपी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। मखमूर इकबाल खान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव से राष्ट्र सेवा को प्रथम पंक्ति पर रखकर कार्य करती है। केंद्र में राज्य सरकार की जितनी भी योजनाएं होती है, उसमें किसी भी प्रकार का धार्मिक भेदभाव नहीं किया जाता। यहां तक की जो भी योजनाएं आती हैं, उसे अल्पसंख्यक वर्ग सबसे ज्यादा लाभ उठाता है। अगर हम छत्तीसगढ़ की बात करें तो लगभग मुस्लिम आबादी दो प्रतिशत की होती है। सरकार की योजनाएं लाभ उठा रहे हैं। आज अल्पसंख्यक वर्ग को लेकर भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के पथ पर कार्य कर रही है। अल्पसंख्यक मोर्चा अल्पसंख्यक वर्ग के बीच जाकर सरकार ने दिलाई भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति को अवगत कराते हुए उन्हें भाजपा से जुड़ने का निवेदन करें।

भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंच निष्ठा पर कार्य करती है और राजनीति पार्टी होने के नाते चुनाव लड़ती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उत्थान को लेकर लगातार कार्य करने की कही थी। आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के सपने को हम सभी को मिलकर पूर्ण करना है। आप सभी के प्रयास से 2021 तक हम सभी आत्मनिर्भर भारत बने ऐसा मेरा आप सभी से निवेदन रहेगा।

## बीजेपी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक






### अल्पसंख्यकों तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने करें प्रयास

अतिथियों ने कहा कि अल्पसंख्यकों तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने हर संभव प्रयास किया जाए। इसके लिए कार्यकर्ता और पदाधिकारी मिलकर काम करें। बैठक में विनोद अरोरा, मनोज सोनी, राजीव पांडेय, गायत्री वर्मा, नवीन पवार, सैयद आसिफ अली, रजिया खान, गुलाम, राजा महोबिया, रजा खोखर, रितेश शर्मा, राजेश सिंह राजपूत, तेखन सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

### बैठक में अल्पसंख्यकों की उपस्थित सुकून देने वाली

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठकों को देखकर लगता है कि केंद्र राज्य सरकार के विकास कार्य और सेवा से वे संतुष्ट हैं। लोगों के चेहरे की संतुष्टि दिल को सुकून देती है। सरकार किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करती सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास के मूल मंत्र से कार्य करती है। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष साजन जोसेफ ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा सरकार और अल्पसंख्यक वर्ग के बीच कड़ी के रूप में कार्य करती है। सभी कार्यकर्ता संगठन के कार्यों को लेकर अल्पसंख्यक वर्ग के बीच जाएं और भाजपा के पक्ष में उन्हें मजबूती के साथ खड़ा करें।

# दीपावली और छठ पूजा पर व्यवस्था बनाने के विधायक ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने निज निवास पर रिसाली नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक आयोजित कर दीपावली त्यौहार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में दीपावली और छठ पूजा पर्व के दौरान सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

- समय पूर्व कार्य करने किया निर्देशित

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि रिसाली नगर निगम क्षेत्र के सभी चौक-चौराहों पर लाइटिंग की समुचित व्यवस्था की जाए। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। गौरा गौरी चौराहे की मरम्मत और लाइटिंग व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। छठ पूजा पर्व पर तालाबों की सफाई के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि सभी कार्य समय से पहले पूरे कर लिए जाएं, ताकि आम जनता को त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यों के प्रति सजग रहें और व्यवस्था बनाए रखने में कोई कमी न रखें। बैठक में निगम आयुक्त मोनिका वर्मा, कर्मचारी मुकेश देशमुख, गोपाल सिन्हा, अखिलेश गुप्ता, अमित चंद्राकर, सुनील दुबे, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष एकनाथ, अनुपम साहू, राजू, राकेश जंघेल, जिला मंत्री शैलेंद्र शेंडे उपस्थित रहे।

## बघेरा विद्युत उपकेन्द्र की क्षमता बढ़ी 6500 उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र ने उपभोक्ताओं को बेहतर और उच्च गुणवत्ता की बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी कड़ी में दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र बघेरा में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि की गई है।

विद्युत उपकेन्द्र बघेरा में अब 3/15 एमव्हीए के पुराने पॉवर ट्रांसफार्मर को हटाकर उसके स्थान पर 5 एमव्हीए क्षमता का नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इसके साथ ही उपकेंद्र में पूर्व से स्थापित 5 एमव्हीए के दो अन्य ट्रांसफार्मरों को मिलाकर उपकेंद्र की कुल क्षमता बढ़कर अब 15 एमव्हीए हो गई है। विद्युत उपकेंद्र में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत संपन्न किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पॉवर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि से विद्युत उपकेंद्र बघेरा के लगभग 6556 उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी एवं सभी घरों तक उच्च गुणवत्ता की बिजली पहुंचेगी। उक्त कार्य से गया नगर, गिरधारी नगर, शंकर नगर एवं आसपास के अन्य उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने इस कार्य की सफलता के लिये पॉवर कंपनी की पूरी टीम को बधाई दी। श्री खंडेलवाल ने कहा कि पॉवर कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहें हैं और यह विद्युत उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहायक होगी।

# एआईडीवाईओ ने महंगाई-भ्रष्टाचार के विरोध में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

एआईडीवाईओ द्वारा बेरोजगारी, पेपर लीक, भ्रष्टाचार आदि समस्याओं के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन किया गया। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य संगठन समिति के कई जिलों में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। दुर्ग में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। मांग किया गया कि देश में रिक्त पड़े एक करोड़ से अधिक व छत्तीसगढ़ में 2.5 लाख से अधिक सरकारी खाली पदों को अविलंब भरा जाए।

- सरकारी खाली पदों को भरने की मांग

ज्ञात हो कि युवा बेरोज़गारी का सामना कर रहे हैं। पूरा समाज इस समस्या से प्रभावित है और यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। आपकी सरकार बेरोज़गारी के संकट को हल करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहे हैं, बल्कि ऐसे कॉर्पोरेट समर्थक उपाय लागू कर रहे हैं जो रोज़गार की स्थिति को और भी खराब कर रहे हैं। बेरोज़गारी और भ्रष्टाचार में वृद्धि हुई है। उत्तराखंड में एसएससी पेपर लीक के खिलाफ़ नौकरी के इच्छुक उम्मीदवार सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार में भी हजारों युवा रोज़गार की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं।




उनकी मांगों में देश में रिक्त पड़े एक करोड़ से अधिक व राज्य में 2.5 लाख से अधिक सरकारी खाली पदों को अविलंब भरा जाए। जब तक रोजगार नहीं मिलता जीने लायक बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया जाए। सभी सरकारी उपक्रमों का निजीकरण बंद किया जाए। पेपर लीक के मामले पर दोषियों को सजा दिया गया । सरकारी कार्यों का निजीकरण व ठेकाकरण बंद किया जाय। भ्रष्टाचार पर रोक अविलंब लगाई जाए। भ्रष्टाचारियों को कड़े से कड़ा उदाहरण मूलक सजा दिया जाए शामिल हैं।

# मेयर ने वार्डों को विकास के लिए दिए 8 लाख रुपए



**भिलाई।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर और एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा में निर्माण कार्य के लिए 8 लाख रूपये स्वीकृत की है। विकास कार्य को आरंभ करने उन्होंने वार्ड 10 और वार्ड 18 पहुंचकर भूमिपूजन भी किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को आस्वस्त किया कि निगम क्षेत्र में वे धिरे-धिरे विकास कार्य को पूर्ण कराकर मांगों को पूरा करेंगे। महापौर शशि सिन्हा पहले वार्ड 10 पहुंची। यहां पर उन्होंने एमआईसी सदस्य जमुना ठाकुर के अनुरोध पर 05 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से ब्लाक 249 से 252 तक के छुटे हुए आंगन में सीमेंटीकरण का कार्य पूर्ण होगा। इसी तरीके से पार्षद रेखा देवी की मांग पर महापौर ने 3 लाख की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से वार्ड में गौरा चौड़ी निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। महापौर ने बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

### सिंधी कॉलोनी बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन



**दुर्ग।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के गौरवशाली 100 वर्षो की यात्रा पूर्ण होने पर संघ का शताब्दी विजयादशमी पर सिंधु भवन सिंधी कालोनी दुर्ग से प्रारंभ किया गया एवं बस्ती भ्रमण सिंधी कालोनी, पोलसायपारा होते हुये संतराबाडी, तरूण टाकीज, पश्चात वापस सिंधु भवन पहुंचा। उक्त अवसर पर नगरवासियों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों का फूलों से वर्षा कर उनका स्वागत किया गया।

### ऑटो चालक से मारपीट

भिलाई। वैशालीनगर थाना अंतर्गत वाम्बे आवास जवाहर नगर के पास आरोपी आदिल, सोनू उर्फ पुच्वी, एलन सहित अन्य ने ऑटो चालक कवलजीत सिंह से मारपीट की। उनके बेटे साहिल दीप ने थाने में पहुंचकर घटना की शिकायत की। उसने पुलिस को बताया कि वह पेशे से ऑटो चालक है। उसके पिता घर लौट रहे थे। तभी मारपीट की।

# कार्यशाला में 114 शासकीय एवं 134 अशासकीय विद्यालयों ने लिया भाग



दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन के संबंध में जिले अंतर्गत ऐसे कार्यालय, विद्यालय जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है वहां पोश एक्ट 2013 के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति का गठन करते हुए पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग किये जाने के निर्देश दिये है। निर्देश के परिपालन में गठित समिति की जानकारी पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग किये जाने के संबंध में विगत दिवस कार्यशाला आयोजित की गयी।

उक्त कार्यशाला दो पालियों प्रथम पाली में शासकीय विद्यालय दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अशासकीय विद्यालय दोपहर 2.15 से 3.15 तक आयोजित की गई। जिसमें 114 शासकीय विद्यालय एवं 134 अशासकीय विद्यालयों ने भाग लिया। उक्त कार्यशाला का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग की प्रभारी अधिकारी प्रीति बाला शर्मा द्वारा किया गया। उनके द्वारा पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग किये जाने के संबंध में लाइव जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त कार्यशाला में सहायक बीएलओ दुर्ग आदि उपस्थित थे।

# शहर में प्रकाश व्यवस्था के लिए 39 लाख की स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग शहर विधानसभा के कुल 6 कार्यों के लिए 39 लाख 95 हजार 422 रूपए स्वीकृत किया है। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित 2 कार्य तथा विधायक स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित 4 कार्यों के संपादन का क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम दुर्ग द्वारा किया जाएगा।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विख दुर्ग अंतर्गत प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर वार्ड क्र 1 से 30 तक एवं वार्ड क्र 31 से 60 तक प्रकाश व्यवस्था के लिए स्ट्रीट लाईट लगाने संबंधी कार्य के लिए कुल 19 लाख 97 हजार 374 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार विधायक गजेन्द्र यादव की अनुशंसा पर वार्ड क्र 1 से 15 तक, 16 से 30 तक 31 से 45 तक एवं वार्ड 46 से 60 तक प्रकाश व्यवस्था के लिए स्ट्रीट लाईट लगाने संबंधी कार्य के लिए कुल 19 लाख 98 हजार 48 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025



8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पास छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए

## फायर एवं सेफ्टी औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ (2025-2026)



**AVAILABLE COURSES**

- Fire Technology & Industrial Safety
- Industrial Safety Management
- Health Sanitary Inspector
- Sub Fire Officer
- B.sc in Fire, safety
- PG in Fire Technology & Industrial Safety
- Certificate in Fireman
- (PDIS) POST DIPLOMA in Industrial safety
- (ADIS) ADVANCE DIPLOMA in Industrial safety







गरीब निम्न वर्ग के विद्यार्थियों के लिए
प्रशिक्षण शुल्क में छूट

एडमिशन हेल्पलाइन :
76972-12782

## फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट

FSDMI
अहं अस्मि रक्षकः

मान्यता प्राप्त संस्था | भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) | निजी प्रशिक्षण संस्थान

1- FSDMI कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गदा चौक, नजदीक अंबेडकर चौक, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
2- FSDMI कैंपस :- प्लॉट नंबर 766 वार्ड-11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023

fsdmi cg | fsdmi bhilai | fsdmi_bhilai

12 वर्षों से आपकी सेवा में

खबर संक्षेप



### बीएसपी में नवीन सुरक्षा समाधान पहल

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र की इस उत्कृष्ट सहभागिता और प्रभावी प्रदर्शन के लिए उसे 'क्यूसीएफआई भिलाई चैप्टर कन्वेंशन 2025' में 'सेफ्टी सर्कल में सर्वाधिक सहभागिता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। 83 पंजीकृत टीमों में से 81 टीमों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए नवीन सुरक्षा समाधान प्रस्तुत किए। इसमें 400 से अधिक कर्मचारियों और ठेका कार्मिकों, जिनमें 81 अधिकारी भी शामिल थे। यह आयोजन एचआरडीसी के चार हॉलों में संपन्न हुआ, जिसमें आठ विशेषज्ञों की मूल्यांकन समिति ने दो चरणों में प्रतियोगिता का आकलन किया। टीमों का मूल्यांकन 100 अंकों के पैमाने पर किया गया। स्ट्रक्चर्ड मेंटरिंग के माध्यम से टीमों ने जोखिम कारकों की पहचान की, 150 से अधिक सुरक्षा सुधार प्रस्तावित किए तथा उनमें से 120 को सफलतापूर्वक लागू भी किया। इससे संयंत्र में जोखिम में उल्लेखनीय कमी आई तथा समग्र सुरक्षा प्रदर्शन में दृश्यमान सुधार दर्ज किया गया।

## हत्या के कारण बंद हुई थी वार्ड 15 की दुकान

# खुर्सीपार स्टेडियम में शराब दुकान खुलने का फिर विरोध, हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शराब दुकान का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। वार्ड 51 राजेंद्र प्रसाद नगर में संचालित शराब दुकान को पहले हत्या की वारदात के बाद हटाया गया। उसके बाद जीईरोड किनारे शिवाजी नगर में शिफ्ट करने का प्रयास किया गया। यहां भी वार्ड के लोगों ने जमकर विरोध करने पर पर उसे खुर्सीपार स्थित खेल मैदान स्टेडियम परिसर के दो दुकानों में शिफ्ट करने का मंशा बनाया। जिसे लेकर भी स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध करना शुरु कर दिया।

रविवार से ही नागरिकों और पार्षदों ने खेल परिसर के सामने धरना शुरू कर दिया है। विरोध करने वालों का आरोप है कि खेल परिसर में शराब दुकान खोलना काफी गैर जिम्मेदारी वाला फैसला है। यहां बालक व बालिका दोनों ही खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। शराब दुकान खोलने से यहां का वातावरण खराब हो जाएगा। महिलाओं और खिलाड़ियों की सुरक्षा पर भी बड़ा सवाल है। खेल परिसर में किसी भी कीमत पर शराब दुकान नहीं खोलने देने की हामी भर रहे है। राजेंद्र प्रसाद नगर स्थित शराब दुकान खुर्सीपार गेट के आगे फोरलेन के किनारे थी। लोगों का आरोप था कि दुकान के आसपास आए दिन नशे में झगड़े होते रहते थे। बीते 17 सितंबर को नशे में धुत एक युवक ने एस. कामेश राव की हत्या कर दी। घटना से पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। हत्या के बाद नागरिकों ने शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर हंगामा किया। बढ़ते दबाव के बाद प्रशासन ने दुकान को वहां से हटाने का निर्णय लिया।

**तीसरी जगह भी रास नहीं आई लोगों को**



### शिवाजी नगर में नहीं खुल पाई दुकान

शराब दुकान हटाने 13 दिनों से महिला, पुरुष और बच्चों द्वारा जमकर विरोध किया जा रहा है। पुराने जगह से आबकारी विभाग ने एक किलोमीटर दूर पर स्थित शिवाजी नगर में शराब दुकान खोलने की योजना बनाई। मगर 25 सितंबर को दुकान का शटर खुलने से पहले ही वार्ड की महिलाएं सुबह से विरोध करना शुरू कर दिया। महिलाओं ने स्पष्ट रुप से कहा कि यहां शराब दुकान नहीं खुलने देंगे। यह आंदोलन लगातार 13 दिन तक चला। आखिरकार विरोधियों के सामने प्रशासन को घुटना टेकना पड़ गया। और यहां शराब दुकान नहीं खुल पाया।

### नहीं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा

विरोध प्रदर्शन में शामिल महिलाओं के मुताबिक वे किसी भी सूरत में खेल परिसर के आसपास शराब दुकान नहीं खुलने देंगी। बच्चों के भविष्य और सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। विरोध कर रही महिलाओं का कहना था कि अगर प्रशासन ने जबरदस्ती की तो हम और भी बड़े आंदोलन के लिए तैयार हैं। सोमवार को महिलाएं दुर्ग कलेक्टर से मिलने कार्यालय पहुंची, लेकिन मुलाकात न होने की वजह से वे खाली हाथ लौट आईं। तीन बार स्थान बदलने के बाद भी शराब दुकान का विरोध थम नहीं रहा है। आबकारी विभाग और प्रशासन अब तीसरी बार विरोध झेल रहा है। इस बार विरोध स्थल संवेदनशील है, क्योंकि यह खेल परिसर से जुड़ा हुआ है।

# नेहरू आर्ट गैलरी में डॉ. नन्दिता राजश्री की एकल चित्रकला प्रदर्शनी उद्घाटित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में डॉ. नन्दिता राजश्री की समकालीन पेंटिंग्स की तीन दिवसीय एकल प्रदर्शनी कथा का उद्घाटन सोमवार को बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह के अवसर पर महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी महाप्रबंधक प्रशान्त तिवारी, जीएम बोन्या मुखर्जी, जीएम सौमिक डे, जीएम मुकुल सहारिया, एजीएम जवाहर बाजपेयी, सहायक प्रबंधक शालिनी चौरसिया, ईके सीएस के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्रा, बीएसपी के सीनियर मैनेजर केएन राय, चित्रकार राजेंद्र सोनगरिया, साहित्यकार विनोद मिश्र, श्री पटनायक, व चिरंजीव जैन शायर मुमताज सहित संयंत्र के अन्य अधिकारी व कर्मी व आर्ट्स क्लब के सदस्य, कलाकार उपस्थित थे। प्रदर्शनी में प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद मुख्य अतिथि पवन कुमार ने डॉ. नन्दिता राजश्री की एकल कलाकृतियों की सराहना करते हुए ए कहा कि उनके चित्रों में गहराई, विविधता और आध्यात्मिक संवेदनाओं का सुंदर समन्वय झलकता है। चित्रों को भावनात्मक अभिव्यक्ति और सौंदर्यबोध का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए उनकी कलात्मक निष्ठा की प्रशंसा की। सृजनात्मक अनुभव से जुड़ने का अवसर प्रदान करने जनसंपर्क विभाग के प्रति आभार भी व्यक्त किया। डॉ. नन्दिता राजश्री, मूलतः एक कवयित्री हैं व समकालीन कला के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। अपने चित्रों में शब्दों और रंगों के माध्यम से भावनाओं को जीवंत रूप दिया है। उनकी चित्रकला में लोकचित्रों का समावेश और विशेषकर मिथिला व मधुबनी शैली का प्रभाव प्रचुरता से देखा जा सकता है। डॉ. नन्दिता की एक्रेलिक पेंटिंग्स के साथ उनकी प्रतिभाशाली पुत्री देवलीना प्रियदर्शी(धरा) द्वारा बनाई गई चुनिंदा पेंटिंग्स को भी प्रदर्शित किया गया है। डीपीएस , भिलाई के कक्षा 6 में अध्ययनरत देवलीना ने पेंटिंग विधा में विद्यालयीन एवं अन्य स्तरों पर कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं। उनके पिता अमूल्य प्रियदर्शी बीएसपी में महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष संपर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क के पद पर कार्यरत हैं। प्रदर्शनी 15 अक्टूबर 2025 तक प्रतिदिन शाम 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक जनता के अवलोकनार्थ खुली रहेगी।

**बाल कलाकार देवलीना के चित्रों ने भी किया**



# जीएसटी सुधारों के लाभ बताए आम जनता को

**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी अंडा निकुम मंडल ने ग्राम कोनारी तहसील साहू समाज भवन में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी सुधार विषय पर कार्यशाला आयोजित की। शुरूआत में अंडा निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख ने स्वागत भाषण दिया। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता के सहयोगी वक्त साजन जोसेफ ने आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी सुधार अवधारणा पर विस्तृत प्रकाश डाला। जिला मंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शैलेंद्र शैंडे ने जीएसटी सुधारों की महत्ता और उनके दूरगामी लाभों पर जानकारी दी। जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष किसान नेता प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि जीएसटी में की गई कमी न केवल व्यापार जगत के बल्कि आमजन एवं किसानों के लिए भी राहतकारी है। इससे व्यवसाय को गतिमिलेगी और उपभोक्ताओं को सीधा लाभ प्राप्त होगा। संचालन महामंत्री पुरान देशमुख और आभार व्यक्त महामंत्री डिलेश गब्बर साहू ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कार्यकर्ता खेमलाल चंद्राकर, के एल दिल्लीवार, लक्ष्मीनाथ देशमुख, घनश्याम दिल्लीवार, सांसद प्रतिनिधि मनोज गोलू चंद्राकर, मंडल उपाध्यक्ष पवन देवांगन, भूपेंद्र बेलचंदन, मीडिया प्रभारी लुकेश देवांगन, कार्यालय मंत्री मुकेश चंद्राकर, सह कार्यालय मंत्री मुन्ना देशमुख आदि उपस्थित थे।



# कोड़िया शासकीय स्कूल में पूर्व जिला पंचायत सभापति ने दिया स्मार्ट टीवी एवं साउंड सिस्टम

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोड़यिा के दोनों स्कूल शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कोड़यिा को श्रीमती योगिता चंद्राकर पूर्व जिला पंचायत सभापति दुर्ग द्वारा स्मार्ट टीवी एवं साउंड सिस्टम प्रदान किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती योगिता चंद्राकर ने कहा कि इस स्मार्ट टीवी से स्कूल के बच्चे विभिन्न शैक्षणिक गतिविधि को मनोरंजक तरीके से अब सीख सकेंगे, इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष जनपद दुर्ग व तीर्थ कुमार चंद्राकर, कोड़यिा स्कूल के प्राचार्य श्रीमती नीलमनी उज्जवने, सेवानिवृत शिक्षक जगदीश दीपक, सरपंच खुमान निषाद, उपसरपंच कुलेश्वर चंद्राकर, पूर्व सरपंच राजू लाल, पूर्व उपसरपंच चंद्रकुमार चंद्राकर, मलेश निषाद, यादवेन्द्र साहू, प्रधान पाठक सुधा रॉय, शिक्षकगण सुरेश देवांगन, रश्मि मेहता, जागेश्वरी वर्मा, तारिणी रंगारी पूर्व प्रधान पाठक आरती साहू और कोड़यिा के नागरिकगण शामिल हुए।







## बच्चों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन और अवैध पार्किंग पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

यातायात पुलिस ने छावनी क्षेत्र स्थित बैकुंठधाम के समीप चेकिंग के दौरान मालवाहक वाहन टाटा एस सीजी 04 जेडसी 0640 को रोका। वाहन चालक एवं मालिक दुर्गेश वर्मा पर उक्त वाहन में लगभग 35 स्कूली बच्चों को बैठाकर परिवहन किए जाने पर कार्रवाई की। इसके बाद पुलिस ने बस के माध्यम से बच्चों को देवबलोदा–चरोदा क्षेत्र में उनके घरों तक सुरक्षित पहुंचाया।

इसके अलावा पुलिस ने सूर्या मॉल जुनवानी, नेहरू नगर क्षेत्र में फुटपाथ एवं सड़क को घेरकर अवैध पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई की। खबर है कि पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली की जा रही थी। सूचना पर यातायात पुलिस की टीम त्वरित रूप से मौके पर पहुंची, जहां निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फुटपाथ के ऊपर रस्सी लगाकर मार्ग को आंशिक रूप से घेरा गया था। वाहनों की पार्किंग हेतु शुल्क लिया जा रहा था। पुलिस टीम ने अनाउंसमेंट कर वाहन चालकों को सचेत किया। क्रेन की सहायता से अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया। मौके पर अवैध वसूली में लिप्त पाए गए व्यक्ति को सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि फुटपाथ और सार्वजनिक मार्ग केवल पैदल यात्रियों एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए आरक्षित हैं, उनका किसी भी प्रकार से निजी उपयोग या वाणिज्यिक दोहन अस्वीकार्य है। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां सड़क पर गड्ढे, दरारें या क्षतिग्रस्त हिस्से पाए गए, वहां मरम्मत के लिए निगम, एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग को सूचना दी गई।

### खबर संक्षेप

## प्लेसमेंट में रखे जाएंगे कर्मी, एमआईसी में निर्णय




**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में हुई। बैठक में 7 एजेंडा प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्लेसमेंट वाहन चालक एवं हेल्पर उपलब्ध कराने, मिलियन प्लस सिटी अंतर्गत प्रस्ताव सहित आईईसी गतिविधियों का योजनाबद्व क्रियान्वयन जैसे विषयों को शामिल किया गया। निगम के वाहन शाखा हेतु उच्च कुशल, कुशल एवं अर्द्धकुशल वाहन चालक एवं हेल्पर उपलब्ध का कार्य। 15वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी अंतर्गत प्रस्तावों की कार्ययोजना के संबंध में। निगम के जलकार्य विभाग हेतु कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का कार्य। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत आईईसी गतिविधियों का योजना बद्व तरीके से कियान्वयन एवं निरीक्षण के संबंध में। सभी एजेण्डा पर महापौर परिषद के सदस्यों ने विस्तृत चर्चा कर कार्य कराये जाने की सर्व सम्मति से पारित किया गया है। बैठक में सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, केशव चौबे, केशव बंछोर, चंद्रशेखर गंवई, मालती ठाकुर, रीता सिंह गेरा आदि मौजूद थे।

### 4 अक्टूबर से आरबीआई ने नया चेक क्लीयरेंस सिस्टम किया लागू, करोड़ों के चेक पेंडिंग

# आरबीआई की चेक क्लीयरेंस को लेकर तय की गई नई गाइडलाइन ने बढ़ाई परेशानी, हफ्तेभर से बैंकों में कतारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खास खबर

आरबीआई की नई गाइडलाइन खातेधारकों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। खास तौर पर उन लोगों के लिए जो चेक से पैसे ट्रांसफर करते हैं। मुख्य रूप से बिजनसमैन इससे खासे प्रभावित हैं। आरबीआई ने 4 अक्टूबर से एक नई गाइडलाइन जारी की है, जिसमें अब से चेक क्लीयरेंस जमा होने वाली तारीख से होनी है। वर्तमान में लगभग सभी बैंक में क्लीयरेंस को लेकर सॉफ्टवेयर एक दिन बाद यानी 24 घंटे के बाद का है। अब बैंकों द्वारा अपने सॉफ्टवेयर अपडेट किए जा रहे हैं।

हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि सोमवार की स्थिति तक अपडेट किए जाने का काम नहीं हो पाया है। वहीं कई तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिस वजह से 4 अक्टूबर के बाद जारी हुए लगभग सभी चेक क्लीयर नहीं हो पाए हैं। 13 अक्टूबर की स्थिति में यह चेक करोड़ों रुपए हैं। बैंक से इस बारे में जब बात की गई, तो उन्होंने बताया कि आरबीआई से लगातार संपर्क स्थापित किया जा रहा है। उनके मुताबिक समस्या का निराकरण 13 अक्टूबर की शाम तक हो जाएगा, लेकिन देर शाम तक समस्या तस के तस बनी रही। चेक क्लीयर नहीं होने से बैंक कर्मियों को भी देर रात तक बैंक में बैठकर चेक क्लीयरेंस और सॉफ्टवेयर अपडेट किए जाने की प्रोसेस में रुकना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक इस नई गाइडलाइन की वजह से करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन अटक गए हैं। ऐन दिवाली के समय यह समस्या आने की वजह से लोगों को ऑर्डर क्लीयर नहीं हो पा रहे हैं।




### आरबीआई ने अपनी नई गाइडलाइन में क्या कुछ तय किया, जानिए

आरबीआई ने तय किया है कि जिस बैंक को पैसे देने हैं, उसे शाम 7 बजे तक कन्फर्म करना होगा, नहीं तो चेक अपने आप अप्रूव हो जाएगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई का नया चेक क्लीयरेंस सिस्टम 4 अक्टूबर से लागू हो चुका है। इसके तहत चेक जमा करने के बाद अमाउंट कुछ ही घंटों में प्रोसेस होकर खाते में आ जाएगा। पहले इसमें 2 दिन तक का समय लगता था। नए सिस्टम को कंटीन्युअस क्लीयरिंग एंड सेटलमेंट नाम दिया गया है। इसमें बैंक चेक को स्कैन करेंगे, प्रेजेंट करेंगे और कुछ ही घंटों में पास कर दिया जाएगा। ये सारा काम बैंक के कामकाजी घंटों में होगा। बैंकों ने एक दिन पहले से ही इसका ट्रायल शुरू कर दिया था। इसके लिए सभी बैंक से कहा गया है कि वे कस्टमर्स से कहें कि अकाउंट में पर्याप्त बैलेंस रखें, ताकि चेक बाउंस न हो। आरबीआई ने 4 अक्टूबर को नई गाइडलाइन जारी की थी।

### नया चेक क्लीयरेंस सिस्टम ज्यादा फायदेमंद

आरबीआई की जारी गाइलाइन के मुताबिक इस नए सिस्टम को ज्यादा फायदेमंद बताया गया है। अगर आप सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच चेक जमा करते हैं, तो उसे तुरंत स्कैन करके क्लियरिंग के लिए भेज दिया जाएगा। सुबह 11 बजे से हर घंटे बैंकों के बीच सेटलमेंट होगा। जिस बैंक को पैसे देने हैं, उसे शाम 7 बजे तक कन्फर्म करना होगा। अगर वो जवाब नहीं देता, तो चेक अपने आप अप्रूव हो जाएगा। सभी बैंकों की ब्रांचेस पर ये नियम लागू कर दिए गए हैं। डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए इसे शुरू किया गयया है। जब चेक इतनी जल्दी क्लीयर होंगे, तो लोग डिजिटल पेमेंट्स के साथ-साथ चेक का इस्तेमाल भरोसे के साथ करेंगे। यह कदम बैंकिंग सिस्टम को और मजबूत करने के लिए उठाया गया है।

### व्यापार बुरी तरह प्रभावित, चेक क्लीयर नहीं हो रहे



व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। स्टॉकिस्ट सामान नहीं भेज रहा है। भेजे गए चेक क्लीयर नहीं होने से दिक्कत बढ़ी हुई है। बैंक में सही जानकारी नहीं दी जा रही। हर बार कहा जा रहा है कि समस्या का निराकरण जल्द होगा, लेकिन दिक्कत बनी हुई है। बैंक के अधिकारियों से पूछने पर सही जवाब नहीं दिया जा रहा है। इससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। त्योहारी सीजन में दिक्कत बढ़ गई है।

**-सतीश समर्थ,** कैमिस्ट पद्मनाभपुर

### एक-दो दिन में होने लगेंगे चेक क्लीयर



आरबीआई की नई गाइडलाइन के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट किया जा रहा है। बैंकों ने कहा है कि जल्द ही अपडेटेशन का काम पूरा हो जाएगा। अगले एक से दो दिन में चेक क्लीयर होने लगेंगे, लेकिन फिलहाल लोग खासे परेशान हैं। बैंकों से सही जवाब नहीं मिल रहा है। अधिकारियों ने जानकारी दी है कि सोमवार की रात या मंगलवार की सुबह तक चेक क्लीयर होने शुरू हो जाएंगे।

**विजयंत पटेल,** टैक्स विशेषज्ञ और अधिवक्ता

### 50,000 से ज्यादा वाले चेक की जानकारी 24 घंटे पहले देनी होगी

बैंक के अधिकारियों ने बताया कि कस्टमर्स से कहा है कि सिक्योरिटी बढ़ाने के लिए पॉजिटिव पे सिस्टम यूज करें। इसके तहत 50,000 रुपए से ज्यादा के चेक जमा करने से पहले कुछ जरूरी डिटेल्स बैंक को देनी होगी। इसमें आपको अपना अकाउंट नंबर, चेक नंबर, तारीख, अमाउंट और जिसको चेक दे रहे हैं, उसका नाम कम से कम 24 घंटे पहले (बैंक वर्किंग आवर्स में) बताना होगा। बैंक चेक मिलने पर इन डिटेल्स को चेक करेगा। अगर सब कुछ मैच हुआ तो चेक क्लीयर हो जाएगा, नहीं तो रिजेक्ट हो जाएगा। ऐसे में ।आपको डिटेल्स दोबारा देनी होंगी। अगर आप सुबह चेक जमा करते हैं, तो उसी दिन दोपहर या शाम तक पैसा आपके अकाउंट में आ जाएगा। सीटीएस वो सिस्टम है जिसमें चेक की फिजिकल कॉपी इधर-उधर भेजने की जरूरत नहीं पड़ती। चेक को स्कैन करके उसकी डिजिटल इमेज बनाई जाती है और वो इमेज बैंक से बैंक तक जाती है।

## गांजा तस्कर को 68 दिन की सजा और 15 हजार का लगाया जुर्माना

**दुर्ग।** उतई थाना अंतर्गत पतोरा से देउरझाल मार्ग पर 1.280 किलोग्राम गांजे के साथ पकड़े गए हथखोज पारा निवासी बनवारी पिता लालाराम अग्रवाल (50 वर्ष) को न्यायालय ने 68 दिनों के कारावास से दंडित किया। उस पर 15 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 3 महीने के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। न्यायाशीध पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 1 अगस्त 2025 को रात करीब 9.55 बजे की है। उतई पुलिस को मुखबिर से खबर मिली कि घटना स्थल पर आरोपी गांजा की तस्करी के फिराक में खड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। अपराध दर्ज कर प्रकरण विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। उसे गिरफ्तारी दिनांक 2 अगस्त 2025 से 10 अक्टूबर 2025 तक यानी 68 दिन की सजा सुनाई। आरोपी पर 15 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। राशि अदा नहीं करने पर उसे तीन महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले में शासन की तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने की।



हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

लाइव इवेंट

## मानसिक रूप से स्वस्थ रहने प्रकृति के बीच युवाओं ने लगाई दौड़



**भिलाई।** मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए हाऊसिंग सोसायटी द्वारा आयोजित दौड़ में यूथ हॉस्टल्स दुर्ग-भिलाई के सदस्यों ने हिस्सा लिया। यह दौड़ शिवनाथ नदी के किनारे पर ग्रीन्स रिसॉर्ट रोड पर आयोजित की गई थी।

यूथ हॉस्टल्स छत्तीसगढ़ के सेक्रेटरी और दुर्ग-भिलाई इकाई के चेयरमेन के. सुब्रमण्यम ने बताया कि इस आयोजन में संस्था के रूपेश साहू, हरिशरणजीत कौर, सीमा बाघ, संजीव मेहता, इन्द्रजीत कौर, राजेश आचार्य, सुनीति पैकरा और रश्मि ठाकुर ने हिस्सा लिया। यह दौड़ तीन श्रेणियों में आयोजित की गई थी। इण्ड्योरेंस रन दस किमी, ड्रीम रन पांच किमी और फन रन तीन किमी वर्ग के लिए थी। प्रतिभागियों ने बताया कि यह आयोजन फिजिकल और मेंटल फिटनेस, एन्जॉय और एक खूबसूरत यादगार के लिए सेल्फी पर केन्द्रित रहा। आयोजन की शुरुआत जुम्बा से हुई। अंत तक ऊर्जा बनाये रखने के लिए पूरे रास्ते भर ताजे फल, जूस वितरित किये गए। प्रतिभागियों के लिए यह आयोजन रोमांचक और उद्देश्यपूर्ण रहा। जहां प्रकृति के बीच उत्साह भरी दिनचर्या की शुरुआत से सभी प्रतिभागी खुशनुमा सुबह से खुश दिखाई दे रहे थे। यूथ हॉस्टल्स दुर्ग-भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी, वाइस प्रेसिडेंट सुधीर अवधिया, महेन्द्र देवांगन, कोषाध्यक्ष हेमलाल देवांगन, सचिव सुबोध देवांगन सहित सभी सदस्यों ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

- यूथ हॉस्टल्स दुर्ग-भिलाई के सदस्यों ने रनाथन 2025 में की सहभागिता





सिटी इवेंट

## मानसिक रूप से स्वस्थ रहने संवाद जरूरी, करें रोज ध्यान



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में मोबाइल से दूर रहकर लोगो को एक दूसरे से बातचीत कर संवाद बनाएं रखने पर जोर दिया गया। साथ ही मानसिक रुप से स्वस्थ रहने ध्यान और प्राणायाम करने की बातें कही। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. निशा गोस्वामी कंसल्टेंट फिजियोथेरेपिस्ट, दुर्ग ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानसिक आरोग्य हमारे सोचने, महसूस करने और व्यवहार करने के तरीके से जुड़ा एक भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण का पहलू है।

भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य वह स्थिति है जो यह निर्धारित करती है कि व्यक्ति कैसे सोचता है, महसूस करता है और परिस्थितियों के अनुसार कैसे प्रतिक्रिया करता है। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने इस वर्ष की थीम स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य की जानकारी देते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। डॉ. मिलिंद अमृतफले ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने से व्यक्ति को अपने जीवन में लचीलापन और संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। डॉ. मोनिया राकेश सिंह ने कहा कि मानसिक रुप से स्वस्थ व्यक्ति आत्म समझ से परिपूर्ण होता है, अपनी भावनाओं को नियंत्रित कर दूसरों के साथ मजबूत संबंध बना सकता है, जीवन की कठिनाइयों का सामना कर अपने जीवन में उद्देश्य और संतोष की भावना रखता है। तबस्सुम ने मानसिक स्वास्थ्य को सोचने, व्यवहार करने और भावनाओं को नियंत्रित करने की क्षमता का समग्र कल्याण बताया। संचालन डॉ. सीमा कालरा और जागृत ठाकुर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. दीपक कष्यप, डॉ. अनामिका वस्त्रकार, डॉ. कमलेष चेलक, डॉ. चांदनी अफसाना, दीक्षा जोशी, प्रियंका बारला, रष्मि नौरंगे, अरविन्द लोखण्डे सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।



भिलाई में चमका गतका...पंजाब बना ओवरऑल चैंपियन, उपविजेता छत्तीसगढ़ ने जीता दिल

# गतका केवल खेल नहीं, यह भारत के गौरवशाली मार्शल विरासत का एक हिस्सा है, जो अनुशासन, साहस और आत्म-संयम सिखाता है : गजेंद्र

**भिलाई। तीन दिनों तक भिलाई में आयोजित गतका चैंपियनशिप में पंजाब के गतकेबाज़ों को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया, जबकि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपने साहस, सटीकता और कर्मठता से दिल जीतते हुए उपविजेता का खिताब जीता। भिलाई में तीन दिवसीय नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनजीएआई) द्वारा आयोजित 13वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप 2025 का समापन पारंपरिक जंगजू कला और खेल कौशल के शानदार प्रदर्शन के साथ हुई। जिसमें लड़कों के वर्ग में पंजाब ने दमदार मुकाबलों और बेहतरीन तकनीकों के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि छत्तीसगढ़ ने दूसरा स्थान हासिल किया। हरियाणा और उत्तराखंड ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने पहला स्थान, चंडीगढ़ दूसरे स्थान पर और पंजाब और हरियाणा संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। छत्तीसगढ़ के शिक्षा एवं ग्रामीण उद्योग मंत्री गजेंद्र यादव ने समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए।**



### भारतीय राज्यों में बढ़ रही गतका की पहुंच

इस कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकारी सदस्य मनीष पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, नेशनल गतका ऐसोसिएशन के अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल, एशियाई गतका महासंघ के कार्यकारी सदस्य और न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, महासचिव जसवंत सिंह और छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष जसबीर सिंह चहल, सिख संस्थाओं और गुरुद्वारा समितियों के प्रतिनिधि, विभिन्न समाजों के प्रमुख, भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन तथा युथ सिख सेवा समिति के पदाधिकारी और सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे साथ सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।



### विजेताओं को दिये विशेष पुरस्कार

समापन दिवस पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए। जिनमें जूनियर गतका स्टार का पुरस्कार चंडीगढ़ के सतवंत सिंह खालसा को और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार चंडीगढ़ की सुनेहा को मिला। सबसे होनहार खिलाड़ी का पुरस्कार रमनदीप सिंह पंजाब को मिला। छत्तीसगढ़ की डिंपल कुमारी को सर्वश्रेष्ठ गतका-सोटी खिलाड़ी और जसकीरत सिंह हरियाणा को सर्वश्रेष्ठ फरी-सोटी खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। जगजोत सिंह उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ गतकाबाज और महिला वर्ग में इशकप्रीत कौर पंजाब को सर्वश्रेष्ठ गतकाबाज घोषित किया गया।

### स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में गतका का करेंगे प्रचार

इस अवसर पर मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि गतका केवल एक खेल नहीं है बल्कि यह भारत की गौरवशाली मार्शल विरासत का एक हिस्सा है जो अनुशासन, साहस और आत्म-संयम सिखाता है। छत्तीसगढ़ सरकार इस पारंपरिक कला में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य भर के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में गतका का जोरदार प्रचार-प्रसार करेगी। इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि छेठवें गुरु हरगोबिंद साहिब द्वारा युद्ध कला को लेकर आरंभ हुआ यह खेल अब सिर्फ सिख समाज तक ना सीमित होकर हर समाज में प्रचलित हो चुका और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हार जीत खेल का हिस्सा है, जो खिलाड़ी मेडल नहीं ले सके वह और मेहनत करें और अगली बार अपना सर्वश्रेष्ठ लाये और खेल को निष्पक्षता से खेले जाने की सराहना की और छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के साथ-साथ सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों का आभार प्रकट करते सभी गुरुद्वारा प्रमुखों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान गतका एसोसिएशन के महासचिव जसवंत सिंह, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह उपस्थित थे।





## बच्चों ने दी लोकनृत्यों की प्रस्तुति, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ, मिली नई जिम्मेदारी

**भिलाई।** साहू मित्र सभा भिलाई नगर में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण और भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ताम्रध्वज साहू ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव द्वारा स्वीकृत 20 लाख के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। शपथ ग्रहण के दौरान भिलाई जिला अध्यक्ष हरिद्वारिका साहू ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। समारोह में कोहका इकाई की बालिकाओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया।



साहू मित्र सभा के अध्यक्ष खेदराम साहू, उपाध्यक्ष परसराम साहू, उपाध्यक्ष रंजना साहू, संगठन सचिव हीरा शंकर साहू और दीपेश्वरी साहू ने संगठन सचिव पद के लिए शपथ ली।अध्यक्ष खेदराम साहू ने पदाधिकारियों का विस्तार करते हुए उन्मेष साहू को महासचिव, भरतराम साहू कोषाध्यक्ष, गजेंद्र गंजीर कार्यालय सचिव, अरुण कुमार साहू सह सचिव, कौशल कुमार साहू अंकेक्षक, नेमदत्त दत्त साहू को जिला प्रतिनिधि मनोनीत किया। साहू मित्र सभा के संरक्षक श्याम लाल साहू, नथेला राम साहू, हरिद्वारिका साहू तथा सलाहकार रामाधार साहू, शिवकुमार साव, फूलचंद साहू, उमेंद साहू, वीरेंद्र साहू और मंजूषा साहू को बनाया गया। संयोजक न्याय प्रकोष्ठ तुलेश्वर दास कुंवर, युवा प्रकोष्ठ डॉ. दिनेश साहू, महिला प्रकोष्ठ हेमा साहू, शिक्षा प्रकोष्ठ बेगन लाल साहू, साहित्य प्रकोष्ठ डॉ. दीनदयाल साहू, अधिकारी व कर्मचारी प्रकोष्ठ यशवंत साहू, पत्रकारिता प्रकोष्ठ राजेंद्र सोनबोइर, व्यवसाय प्रकोष्ठ तोरण लाल अटल, अधिवक्ता प्रकोष्ठ भूषण साहू, चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. डुड़ेश्वर साहू को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहू संघ डॉ. नीरेन्द्र साहू, संगठन सचिव डॉ.सुनील साहू, हरिद्वारिका साहू, दीपक ताराचंद साहू, रमेश साहू आदि मौजूद थे।

## शरीर क्षण भंगुर, लेकिन नश्वर संसार में 4 टन का अहंकार लेकर चल रहे



**भिलाई।** दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में विशाल सद्भभावना सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभु महराज ने प्रवचन देते हुए कहा की यह जीवन प्रभु की देन है। हम अपने ही ईर्ष्या से ही परेशान है। मन सत्य को कभी नहीं समझ नहीं पाते। यह शरीर क्षण भंगुर है। लेकिन हम इस नश्वर ससार में चार टन का अहंकार लेकर चल रहे है। इस संसार में आदमी बनने की होड़ लगी हुई है। हमारे जीवन में समानता नहीं है। हम करते कुछ और सोचते कुछ है, मिलता कुछ और है। आपके सारे दुखो की सार सांसों की माला है। हम ही पहेली बना रहे है। मन संसार के अधीन है। जो जानते है। लेकिन करना बड़ा मुश्किल हे। यह युग चलता रहेगा। युग परिवर्तनशील है। रामकृष्ण परमहंस बताते है की आखिर इस शरीर से इतना मोह क्यों?अब मन कमजोर हो गया है। इस युग में स्ट्रेच सबसे बड़ी बीमारी समस्या बनकर रह गई है। संस्कारिक कामनाएं परिवर्तनशील है। इस अवसर पर महात्मा भुनेश्वरी बाई, हृदयानंद, शाकम्बरी बाई, कौमुदी बाई, अनन्ता बाई, कमलेश पटेल, संतोष साहू सहित हजारों श्रद्धालु शामिल थे।

14 व 15 अक्टूबर को रहेगा मंगल पुष्य योग, जीवन में आएगी सकारात्मकता


# दीवाली से पहले बेहद खास पुष्य नक्षत्र का महासंयोग आज बाजार रहेंगे गुलजार, विष्णु और लक्ष्मी मंत्र का करें जाप

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** वैदिक पंचाग के अनुसार मंगलवार यानी आज सुबह 11 बजकर 54 मिनट से पुष्य नक्षत्र शुरू होगा। जिसका समापन 15 अक्टूबर बुधवार को 12 बजे होगा। ज्योतिष शास्त्र में 27 नक्षत्रों के बारे में बताया गया है, जिसमें से एक पुष्य नक्षत्र भी है। इस दिन विघ्नहर्ता गणेश, धन की देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु के मंक्षों का जाप करना फलदायी होता है। हिंदू धर्म में किसी भी शुभ कार्य को करने और शुभ खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त का विशेष महत्व होता है। 14 और 15 अक्तूबर को पुष्य नक्षत्र का संयोग बन रहा है, फिर इससे बाद 20 अक्तूबर को दीपावली का त्योहार है। पुष्य नक्षत्र को सभी 27 नक्षत्रों में राजा का दर्जा मिला हुआ है। आपको बता दें कि इस बार दिवाली से पहले 14 और 15 अक्तूबर को मंगल पुष्य योग और बुध पुष्य योग बनेगा।

श्री खाटूश्याम ज्योतिष व जन्मकुंडली विशेषज्ञ पं एसके शास्त्री ने बताया कि वैदिक पंचाग के अनुसार मंगलवार 14 अक्तूबर को सुबह 11 बजकर 54 मिनट से पुष्य नक्षत्र शुरू होगा, जिसका समापन 15 अक्टूबर बुधवार को 12 बजे होगा। ज्योतिष शास्त्र में 27 नक्षत्रों के बारे में बताया गया है, जिसमें से एक पुष्य नक्षत्र भी है। पुष्य नक्षत्र को सभी नक्षत्रों का राजा माना जाता है, जिसे 27 नक्षत्रों में आठवां स्थान प्राप्त है। ये एक शुभ नक्षत्र है, जिसके स्वामी शनि ग्रह और देवता बृहस्पति हैं। जब यह नक्षत्र बुधवार के दिन पड़ता है, तो इसे बुध पुष्य योग कहा जाता है।






### बुध पुष्य नक्षत्र के दिन क्या करे



बुध ग्रह धन और बुद्धि का कारक है, जबकि पुष्य नक्षत्र शुभता और उन्नति का प्रतीक है। बुध पुष्य योग में किए गए कार्य आर्थिक उन्नति में सहायक होते हैं। व्यापार में लाभ और धन प्राप्ति के लिए यह योग विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इस योग में व्यापार, शिक्षा, या अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की शुरुआत करना बहुत शुभ माना जाता है। यह समय नई ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है। बुध पुष्य योग में मंत्र जाप और पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन किए गए मंत्र जाप से न केवल मानसिक शांति मिलती है बल्कि जीवन में सकारात्मकता और ऊर्जा भी बढ़ती है। संपत्ति खरीदने, नया व्यवसाय शुरू करने, या धन निवेश करने के लिए यह दिन सबसे अच्छा माना जाता है। यह भविष्य में लाभकारी सिद्ध होता है। गृह निर्माण, गहनों की खरीदारी, और पारिवारिक निर्णयों के लिए यह दिन अत्यंत शुभ होता है। यह योग गृहस्थ जीवन में शांति और संतुलन लाता है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करना बेहद फलदायी माना जाता है। विष्णु मंत्र "ॐ नमो भगवते वासुदेवाय" और लक्ष्मी मंत्र "ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः" का जाप करें। विशेष रूप से इस दिन गणेश की उपासना करना बेहद लाभकारी माना गया है। इस दिन गहने, जमीन, या संपत्ति खरीदना शुभ माना जाता है। यह भविष्य में धन और समृद्धि लाने में मदद करता है। गाय को हरा चारा खिलाना, गरीबों को भोजन कराना, और जरूरतमंदों को धन या वस्त्र दान करना इस दिन बेहद लाभकारी होता है।

सिटी इवेंट

## लिमतरा मंडली के चारों कालखंडों में अलग राम, आत्मकथा की भेंट



**भिलाई।** सांस्कृति दृष्टि से बेहद चर्चित गांव लिमतरा में 80 वर्ष पूर्व साहित्यकार दानेश्वर शर्मा अपने पिता की लीला मंडली में राम बने। पंडित पुरुषोत्तम शर्मा एवं साहित्यकार परदेशीराम वर्मा ने एक विचार गोष्ठी में उक्त बातें कहीं। पं. दानेश्वर शर्मा, डॉ. परदेशीराम वर्मा, पं. दानी प्रसाद शर्मा और पंडित पुरूषोत्तम उर्फ निरंजन महराज चारों ही अलग-अलग काल खंड में लिमतरा लीलामंडली में राम बनते रहे। चारों ही भिलाई इस्पात संयंत्र से कालान्तर में जुड़े। यह एक याद करने योग्य बात ग्रामीणों को लगी कि भिलाई से चारों लोग जुड़े रहे।

इस अवसर पर डॉ. परदेशीराम वर्मा ने पं. निरंजन को अपनी आत्मकथा सुरंग के उस पार भेंट की। लिमतरा दुर्ग जिले का वह गांव है जहां की लीलामंडली की धूम रही। इस गांव में महेश वर्मा का सांस्कृतिक दल लोकमया तथा गोकुल वर्मा का सांस्कृतिक दल सोनहा धान का गठन पचीस वर्ष पूर्व हुआ, जो आज भी गतिशील और चर्चित है। शिक्षा, चिकित्सा क्षेत्र के बहुत नामी व्यक्तियों का यह गांव साहित्यकारों का गांव भी माना जाता है। पं. दानेश्वर शर्मा एवं पं. दानी प्रसाद शर्मा को इस अवसर पर याद कर श्रध्दांजलि दी गई। सभा का संचालन नीतीश वर्मा ने किया। गायत्री परिवार प्रमुख रामलाल यादव, श्रीमती स्मिता वर्मा, नारायण शर्मा, राजेन्द्र, सुन्दर पटेल सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


**स्टूडेंट्स ने बनाया कैंडल, परफ्यूम, हवन कप, साबुन और चॉकलेट**

# बॉयो बाजार में दिखी प्रतिभा, इको फ्रेंडली, नॉन टॉक्सिक और हर्बल ऑर्गेनिक सामान किए तैयार

भिलाई। शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'बॉयो बाजार' का आयोजन किया गया। कॉलेज के बायोटेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने इको फ्रेंडली बहुपयोगी वस्तुओं को स्वयं ही आकार दिया। इस इवेंट में बच्चों की प्रतिभा देखने को मिली। महाविद्यालय के प्राचार्य, उप प्राचार्य से लेकर सभी वरिष्ठ प्राध्यापक, संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्षों ने बच्चों की प्रतिभा की जमकर सराहना की।








### बॉयो बाजार के स्टॉल में हुई आमदनी

'बॉयो बाजार' में बच्चों ने कैंडल, साबुन, कार परफ्यूम, हवन कप, चॉकलेट्स आदि जैसे उपयोगी वस्तुओं को बनाया। इको फ्रेंडली, नॉन टॉक्सिक, हर्बल ऑर्गेनिक का प्रमुखता से ध्यान रखा गया। बॉयो बाजार में स्टॉल में इसे बेचा गया। इससे बच्चों की आमदनी हुई। अन्य विभाग के प्राध्यापकों ने सारे प्रोडक्ट्स की प्रशंसा की। साथ ही आकर्षक प्रोडक्ट्स की मेकिंग, पैकिंग और पैकेजिंग को सभी ने सराहा। इसके अलावा विभाग के विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से प्रकृति से लेकर प्राकृतिक चक्र और मानव जीवन में बायोटेक्नोलॉजी की महत्ता को रेखांकित किया गया। आयोजक बायोटेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट की अध्यक्ष डॉ.सौम्या खरे ने कहा कि इससे स्टूडेंट्स को इनोवेटिव चीज सीखने मिला। साथ ही उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को तराशा गया। विभाग के अन्य प्राध्यापकों के गाइडेंस से बच्चों का 'बॉयो बाजार' को बेहतरीन ढंग से आयोजित किया। इसमें डिपार्टमेंट की असिस्टेंट प्रोफेसर साक्षी पाण्डेय, असिस्टेंट प्रोफेसर आभा जोशी, असिस्टेंट प्रोफेसर प्रज्ञा चन्द्राकर का मार्गदर्शन और विभागीय कर्मचारियों व विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पहले बच्चों को दी गई थी ट्रेनिंग

'बॉयो बाजार' से पहले बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए उनकी ट्रेनिंग भी कराई गई थी। ताकी बच्चें बहु उपयोगी वस्तुओं को आसानी से आकार दे सके साथ ही बच्चें अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा पाए। डॉ.सौम्या खरे ने बताया कि बॉयो इंटरप्रेन्योरशिप बच्चों के सिलेब्स का हिस्सा है। इसे बच्चों तक पहुंचाने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ही डिपार्टमेंट की असिस्टेंट प्रोफेसर्स के साथ प्लानिंग करके 'बॉयो बाजार' के थीम को आकार दिया जा सका। इसमें असिस्टेंट प्रोफेसर साक्षी पाण्डेय, असिस्टेंट प्रोफेसर आभा जोशी और असिस्टेंट प्रोफेसर प्रज्ञा चंद्राकर की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### आत्मनिर्भर भारत की कल्पना में नौजवानों की विशेष भूमिका

'बॉयो बाजार' का शुभारंभ करने से पहले कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा साल 2047 के आत्मनिर्भर भारत की कल्पना में आप नवजवानों की महत्वपूर्ण भूमिका साबित होगी।इस दौरान वाणिज्य संकाय के प्रभारी डॉ.सलीम अकील, राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ.मणि मेखला शुक्ला, डॉ.क्षिप्रा सिन्हा, डॉ.हरिश कश्यप, डॉ.गुणवंत चन्द्रौल, डॉ.कविता वर्मा, स्पोर्ट्स ऑफिसर भुवनेश्वर साहू आदि मौजूद रहे।

धर्म लाइव

## जेपी जयंती : युवा क्रांतिकारी विचारों को सकारात्मक दिशा दें



**भिलाई।** लोकतंत्र सेनानी संघ एवं लोकतंत्र प्रहरी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 123वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सेक्टर-2 और सेक्टर-6 के मध्य स्थित जेपी प्रतिमा स्थल पर उपस्थित सदस्यों, नागरिकों और कार्यक्रम के संयोजक मनोज ठाकरे ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर पुष्पमालाओं से श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जयप्रकाश नारायण अमर रहें, भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे भी लगाए।



लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रभारी योगेंद्र सिंह ने जयप्रकाश नारायण के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। आर्य समाज के आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि जयप्रकाश नारायण केवल व्यक्ति नहीं, एक विचार थे। जनजागरण की वह प्रखर लौ, जिसने देश को अधिनायकवाद के अंधेरे से निकालकर लोकतंत्र की ज्योति दी। आज के समय में जेपी के विचार पहले से अधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने भीतर के क्रांतिकारी विचारों को सकारात्मक दिशा दें, समाज के उत्थान में अपना योगदान दें और सत्य, अहिंसा, समानता व लोकहित के मार्ग पर चलें।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि 1977 भारतीय राजनीति का वह ऐतिहासिक मोड़ था जिसने लोकतंत्र की पुनर्स्थापना की। इस अवसर पर विशाल राजहंस, रामदेव सिंह, अशोक पांडे, पप्पू खान, रजनीकांत पांडे, प्रशांत क्षीरसागर, भाजपा महामंत्री विजेंद्र सिंह, सुजीत सिंह, डॉ. गणेश पांडे, दिनेश मिश्रा, रामलखन मिश्रा, एडवोकेट गुलाब पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

**ग्रामीण परिवेश का चित्रण**

## विज्ञान का योगदान अपनी जगह, मानवीय संवेदना सिर्फ साहित्य ही दे सकता है



भिलाई। मुक्तकंठ साहित्य समिति के तत्वावधान में गीता भवन ब्रज मंडल, सेक्टर-6 में साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर के छत्तीसगढ़ी उपन्यास "बहू हाथ के पानी" के हिन्दी अनुवाद का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. संजय तिवारी सहित रायपुर, दुर्ग व भिलाई के कई विद्वान वक्ता मौजूद थे। ग्रामीण पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित इस छत्तीसगढ़ी उपन्यास के हिंदी अनुवादक शैलेन्द्र पारकर हैं। किताब के विमोचन के बाद कुलपति डॉ संजय तिवारी ने कहा कि किसी लेखक के लिए उसकी किताब विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम का हिस्सा होना एक बड़ी उपलब्धि है और उसका अनुवाद होना पाठकों के बीच इसकी लोकप्रियता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वे विज्ञान के विद्यार्थी रहे है, इसलिए उनका मानना है कि विज्ञान का योगदान अपनी जगह है लेकिन मानवीय संवेदना सिर्फ साहित्य ही दे सकता है।

### राष्ट्रीय स्तर का उपन्यास : डॉ. शर्मा

उपन्यास के छत्तीसगढ़ी व हिंदी संस्करण पर बोलते हुए कल्याण महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सामाजिक स्थिति सौ साल पहले जैसी थी, उसमें खास बदला नही है और इसकी पड़ताल उपन्यास में लेखक पूरी साफगोई से करता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि आंचलिकता के बावजूद यह उपन्यास राष्ट्रीय स्तर की रचना है। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार ने कहा कि जैसा प्रेमचंद ने आजादी के पहले का ग्रामीण भारत अपने साहित्य में दर्ज किया था वैसे ही छग के लेखक ग्रामीण पृष्ठभूमि को दर्ज कर रहे है।

### गीत- संगीत कर हुए सम्मानित

इस दौरान गंडई से आए युवा गीतकार धर्मेंद्र जंघेल ने 'अरे अरे भाई रे काया माटी म मिल जाही रे' गीत सुना कर खूब वाहवाही बटोरी। समिति ने अंत में सभी अतिथि, लेखक व अनुवादक का सम्मान किया। आयोजन में मुख्य रूप से बलदाऊ राम साहू, रजनी रजक, डॉ. संजय दानी, रामकुमार वर्मा, जावेद हसन, रियाज खान गौहर, नीलम जायसवाल, नरेश कुमार विश्वकर्मा, सोनिया सोनी, इंद्रजीत दादर, इस्माइल आजाद, डॉ नौशाद अहमद सिद्दीकी, शमा परवीन, वासुदेव भट्टाचार्य, वी नाथ, शिवमंगल सिंह सुमन, यशवंत साहू, ब्रजेश मलिक, कमल शुक्ल, रामकुमार वर्मा, प्रदीप कुमार चंद्राकर, हेमलाल यादव, कमल शुक्ल, कमल शर्मा, मुकुंद प्रसाद, रोहित सहित अनेक साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। आयोजन का संचालन डॉ. गणेश कौशिक और आभार बृजेश मलिक ने किया।

**समाज कल्याण विभाग का संयुक्त आयोजन**

## एनईपी पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रश्नोत्तरी, विजेता हुए पुरस्कृत




**दुर्ग।** अपोलो कॉलेज और समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने शोध पत्र की ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रस्तुति दी। प्रो. सीएस डेवज़लवार गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय ने एक ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक वक्तव्य प्रस्तुत कर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने एनईपी 2020 के मूल सिद्धांतों की व्याख्या करते हुए भारतीय शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाने के लिए एक प्रगतिशील दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला।

अपनी प्रस्तुति में उन्होंने शिक्षकों, विद्यार्थियों और समाज के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास की अपील की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि समावेशन केवल एक अवधारणा ना होकर प्रत्येक बच्चों के लिए एक जीवंत आवश्यकता हो। एक गहन अंतर्दृष्टि पूर्ण सत्र में डॉ. दिनेश शाक्य, शिक्षा विभाग अध्यक्ष साई बाबा, आदर्श महाविद्यालय अंबिकापुर ने समावेशी शिक्षा के संदर्भ में बात रखी। डॉ. शाक्य की प्रस्तुति के बाद सत्र में खुली संवादात्मक चर्चा के लिए सभा में उपस्थित सदस्यों को आमंत्रित किया गया, जिसमें सक्रिय रूप से भागीदारीकर विचारशील प्रश्न पूछे और समावेशी शिक्षा की चुनौतियों और अवसरों संबंधी अपने दृष्टिकोण साझा किये।

**संगोष्ठी में शामिल हुए विषय विशेषज्ञ**

समापन समारोह के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप का सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। अपोलो कॉलेज के संचालक संजय अग्रवाल ने सफल सम्मेलन के लिए सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सहसंयोजक डॉ. रात्री शर्मा ने किया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, डॉ. मनीष जैन, प्राचार्य डॉ. सिद्धार्थ जैन प्रमुख रूप से मौजूद थे।

**तरंग फेस्टिवल का शानदार समापन, कलाकारों की मदद के लिए शुरू हुआ सहायता कोष**

## राष्ट्रीय रंग तरंग फेस्टिवल में 220 कलाकारों ने दिखाई अपनी प्रतिभा, जरुरतमंदों की मदद के लिए बढ़ाए हाथ



कार्नर न्यूज

रंग तरंग आयोजन की पहल कला साहित्य अकादमी भिलाई के साथ रविन्द्र निकेतन हुडको कालीबाड़ी और गीतांश आर्ट्स, एक्ट एवं नृत्य एसोसिएशन भिलाई के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक शानदार प्रस्तुति दी।



### विशेष भूमिका में रहे शामिल

दो दिवसीय फेस्टिवल का संचालन और प्रबंधन मुख्य रूप से महिला टीम नेमौऊ दत्ता, पुरवी विश्वास, भाष्वती बोस, स्वाति सेनगुप्ता, संस्कृति वर्मा, बाली, अमृता सान्याल, रचना श्रीवास्तव और सोमा देव ने किया। कार्यक्रम वरुण चक्रवर्ती, सांई चक्रवर्ती, पार्थ, सारथी, तुहिनाद्री सान्याल, शान विश्वास और अयन दत्ता, रविन्द्र निकेतन हुडको कालीबाड़ी भिलाई के महासचिव रुपक दत्ता, सचिव श्यामल रॉय और गीता आर्ट्स, एक्ट एवं नृत्य एसोसिएशन के बबलू विश्वास ने आयोजन में विशेष भूमिका निभाई।




### छोटी पहल से हुई शुरुआत, बढ़ेंगे आगे

कला साहित्य अकादमी भिलाई के कार्यकारी अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी ने आयोजकों, प्रतिभागियों और प्रायोजकों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि "यह पहल अभी छोटी है, लेकिन नेक उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रही है। आने वाले समय में यह आंदोलन और मजबूत होगा।शुरुआती चरण में कोष में राशि भले सीमित हो, लेकिन जिस तरह लोगों ने इस मुहिम से जुड़ने में रुचि दिखाई है, उससे आयोजकों को विश्वास है कि यह प्रयास भविष्य में जरूरतमंद कलाकारों के लिए बड़ी मदद साबित होगा। समापन अवसर पर प्रतीक मंडल वित्तीय सलाहकार, वरिष्ठ साहित्यकार मीता दास, स्मृति दत्ता, कलाकार गिलबर्ट, मनोरंजन दास, शेखर, संजीव मुखर्जी, जयप्रकाश नायर, समीर चक्रवर्ती, गुलाम हैदर मंसूरी, जी जानकी राव, सुभाष साहा और श्रौती घोष साहा उपस्थित रहे।

समाज इवेंट

## युवा शक्ति संगठन ने लगाया रक्तदान शिविर, लोगों को किया गया प्रेरित



दुर्ग। युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष प्रशांत साहू ने आपातकालीन स्थिति में शंकराचार्य हॉस्पिटल जुनवानी पहुंचकर अपना 19वां रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। साथ ही युवा शक्ति संगठन के सदस्यगण के प्रयासों से कुल 3472वां यूनिट रक्तदान था। जिसमें हज़ारों जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने का प्रयास रक्तदान कर संगठन के युवा प्रयासरत है । उनके इस प्रेरणादायी कार्य के अवसर पर संगठन के सरंक्षक खिलेंद्र कुमार साहू भी उपस्थित रहे।

# पुष्य नक्षत्र

## समृद्धि, शुभता और सफलता का प्रतीक

हिंदू पंचांग में 27 नक्षत्रों में से एक अत्यंत शुभ नक्षत्र पुष्य नक्षत्र माना गया है। यह नक्षत्र हर माह एक बार आता है और जब यह गुरु या रवि के दिन पड़ता है, तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। इस दिन खरीदारी, नया व्यापार, निवेश या किसी शुभ कार्य की शुरुआत करना अत्यंत मंगलकारी माना जाता है।





### क्या है पुष्य नक्षत्र

पुष्य नक्षत्र चंद्रमा का आठवां नक्षत्र है। जब चंद्रमा कर्क राशि में स्थित होकर पुष्य नक्षत्र पर गोचर करता है, तब यह योग बनता है। "पुष्य" शब्द का अर्थ है 'पोषण करने वाला' या 'समृद्धि देने वाला', अर्थात जो व्यक्ति के जीवन में स्थायित्व और उन्नति लाए।

### क्यों मनाया जाता है पुष्य नक्षत्र

यह नक्षत्र देवताओं और ग्रहों के लिए भी पूजनीय माना गया है। मान्यता है कि इस दिन किया गया कार्य स्थायी सफलता और मंगल फल देता है। गुरु ग्रह की कृपा से व्यक्ति के जीवन में ज्ञान, धन और सौभाग्य का प्रवेश होता है।

इसलिए इस दिन लोग —
नया व्यापार आरंभ करते हैं,
सोना, चांदी, वाहन या जमीन की खरीदारी करते हैं,
धार्मिक अनुष्ठान व पूजा-पाठ करते हैं।

### पुष्य नक्षत्र का महत्व

**धन-संपत्ति में वृद्धिः** इस दिन खरीदी गई वस्तुएं लक्ष्मी का स्थायी निवास मानी जाती हैं।

**व्यापार की सफलताः** नया व्यवसाय शुरू करने से उसमें स्थिरता और प्रगति होती है।

**आध्यात्मिक उन्नतिः** गुरु ग्रह की कृपा से व्यक्ति में ज्ञान और भक्ति की वृद्धि होती है।

**ग्रह दोष निवारणः** पुष्य नक्षत्र पर पूजा करने से नकारात्मक प्रभाव कम होते हैं।

**स्वास्थ्य और दीर्घायुः** यह नक्षत्र जीवन में संतुलन और स्वास्थ्य प्रदान करता है।

### मार्केट में पुष्य नक्षत्र की रौनक

जैसे ही पुष्य नक्षत्र आता है, बाजारों में रौनक बढ़ जाती है।
ज्वेलरी शॉप्स में सोना-चांदी की बिक्री में उछाल आता है।
वाहन डीलरशिप्स पर नई गाड़ियों की बुकिंग बढ़ जाती है।
रियल एस्टेट सेक्टर में संपत्ति की खरीदारी शुभ मानी जाती है।

ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म भी "पुष्य नक्षत्र सेल" आयोजित करते हैं। बैंक और फाइनेंस कंपनियां भी इस अवसर पर ग्राहकों को विशेष ऑफर और योजनाएं देती हैं।

### धार्मिक महत्व

इस दिन भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और गुरु बृहस्पति की पूजा विशेष फलदायी होती है। धूप, दीप और पीले पुष्पों से पूजा कर "ॐ बृं बृहस्पतये नमः" मंत्र का जप करने से सौभाग्य, धन और सुख की वृद्धि होती है।

### शुभता का द्वार खोलने वाला दिन

पुष्य नक्षत्र का दिन केवल खरीदारी का नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा, स्थिर सफलता और समृद्धि का प्रतीक है। इस दिन किया गया हर शुभ कार्य व्यक्ति के जीवन में स्थायित्व, उन्नति और सौभाग्य लाता है।







